| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 1<br>सलीम बनाम नूर मोहम्मद<br>दीवानी वाद संख्या 02/2023 | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 08-01-2025 | अधिवक्ता उभय पक्ष उपस्थित। वादी की ओर से एक प्रार्थनापत्र अंतर्गत धारा 35 स्टाम्प एक्ट पेश किया गया जिस पर उभय पक्ष की बहस सुनी तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया।<br><br>वादी की ओर से यह प्रार्थनापत्र विक्रय अनुबंधपत्र दिनांक 07-07-200 को पर्याप्त स्टाम्पित करवाने के सम्बंध में प्रस्तुत किया गया है। वादी की ओर से यह वाद इस इकरारनामा की विनिर्दिष्ट अनुपालना का प्रस्तुत किया गया है, जो इकरारनामा इस प्रकरण में महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके स्टाम्प की कमी पूर्ति किए बिना उस पर प्रदर्श अंकित नहीं किया जा सकता है, इसलिए इस इकरारनामा को कम्पाउण्ड करते हुए पर्याप्त राशि पर मुद्रांकित करने का आदेश पारित करना न्यायोचित प्रतीत होता है।<br><br>अतः वादी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र अंतर्गत धारा 35 स्टाम्प एक्ट स्वीकार किया जाकर विक्रय अनुबंध दिनांक 07-07-200 को इम्पाउण्ड किया जाता है। वादी 07 दिन में इकरारनामा की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करें। असल इकरारनामा कलेक्टर मुद्रांक, अजमेर को इस निर्देश के साथ भेजा जाए कि आगामी दिनांक से पूर्व इसकी स्टाम्प की कमी पूर्ति कराकर आवश्यक रूप से न्यायालय में प्रेषित करें। जारी पत्र को वादी को दस्ती के रूप में दिया जाए। वादी इस पत्र व मूल इकरारनामा को कलेक्टर मुद्रांक, अजमेर के पास ले जाकर आगामी दिनांक से पूर्व स्टाम्प कमी पूर्ति करवाकर आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। पत्रावली वास्ते पालना आदेश दिनांक 19-02-2025 को पेश हो। | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 2 | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| | | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 3 | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 25-01-2024 | | |